कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली
ओल्ड सेंट स्टीफंस कॉलेज बिल्डिंग, कश्मीरी गेट,
नई दिल्ली - 110006

प्रेस विज्ञप्ति

- **लोकतंत्र की ओर एक कदम आगे: ऑटो-रिक्शा के द्वारा मतदाता जागरूकता (वोटर्स एवेयरनेस ऑन व्हील्स)**
- **वोट के महत्व का संदेश फैलाने के मिशन पर निकले ऑटो!**
- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली ने मतदाता जागरूकता अभियान के लिए ऑटो-रिक्शा को हरी झंडी दिखाई**

नई दिल्ली **15 जनवरी, 2025**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), श्रीमती आर. एलिस वाज़ ने आज विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ऑटो-रिक्शा के बेड़े को हरी झंडी दिखाई। ये ऑटो-रिक्शा दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में चलेंगे और मतदान के महत्व का संदेश फैलाने के साथ नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस अभियान के तहत 3,000 से अधिक ऑटो-रिक्शा तैनात किए गए हैं।

इस पहल का उद्देश्य शहर के हर कोने तक पहुंचना है और मतदान को एक मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार के रूप में महत्व देना है। इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती आर. एलिस वाज़ ने कहा, “मतदान केवल एक अधिकार नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है जो लोकतंत्र की नींव को मजबूत करती है। इस अभियान के माध्यम से हम दिल्ली के हर योग्य मतदाता को प्रेरित करना चाहते हैं कि वे आगे आएं और वोट दे।

जीवंत पोस्टर और नारों से सजे ये ऑटो , मोबाइल जागरूकता इकाइयों के रूप में कार्य करेंगे, जो मतदान प्रक्रियाओं, मतदान की तिथियों और हर वोट के महत्व के बारे में जानकारी देंगे । यह पहल चुनाव आयोग के व्यापक प्रयास का हिस्सा है , जिसका उद्देश्य आगामी चुनावों में अधिकतम मतदान और समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

****